**अभिभावक चिंतित** बालिकाओं की सुरक्षा दांव पर, प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग

# छात्रावास के पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

**कोतमा नवभारत 8 दिसंबर।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 काली मंदिर रोड स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास के समीप शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों ने स्थानीय प्रशासन और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। शिकायतें मिल रही हैं कि छात्रावास की चारदीवारी और काली मंदिर के आसपास के सार्वजनिक मैदानों पर शाम ढलते ही कुछ असामाजिक तत्व जमा होते हैं और शराब पीते हैं, जिससे छात्राओं की सुरक्षा दांव पर है और माहौल पर बुरा असर पड़ रहा है।



### शराब पीने के बाद करते हैं हंगामा

इस क्षेत्र में तीन बालिका छात्रावास, एक बालक आश्रम और नगर पालिका परिषद कोतमा का कार्यालय स्थित है, जहां कुछ वर्ष पूर्व एक छात्रा की दिनदहाड़े हत्या भी कर दी गई थी। यह क्षेत्र विशेष रूप से छात्राओं के लिए सुरक्षित होना चाहिए, लेकिन शाम के समय यहां का माहौल असुरक्षित हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शराब पीने के बाद ये तत्व अक्सर जोर-जोर से चिल्लाते हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को मानसिक परेशानी होती है।

### असुरक्षा का माहौल है : अधीक्षिका

छात्रावास की अधीक्षिका ने अनौपचारिक रूप से बताया है कि रात के समय ये गतिविधियां छात्राओं और स्टाफ के लिए असुरक्षा का गंभीर कारण बन जाती हैं। क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने की अपील की है। रोज शाम को यहाँ शराबखोरी होती है। ये लोग सड़क पर भी बोतलें तोड़ देते हैं, जिससे आने-जाने वालों को भी खतरा होता है। प्रशासन को तुरंत पुलिस गश्त बढ़ानी चाहिए और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।'

### नियमित गश्त शुरू करने की मांग

यह आवश्यक है कि स्थानीय पुलिस और संबंधित विभाग इस मामले को गंभीरता से लें। नियमित पुलिस गश्त छात्रावास के आसपास खासकर शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक शुरू की जाए। शराब पीकर हंगामा करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय प्रशासन ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन नागरिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।



# अनियंत्रित कार खंभे से टकराई, 6 घायल

▸ स्कूटी को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**अनूपपुर, नवभारत 8 दिसंबर।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक कार सड़क पर चल रही स्कूटी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। हादसे में कार में सवार छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए कोतमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कार अनूपपुर से मनेंद्रगढ़ की ओर जा रही थी। बताया गया कि सभी यात्री दिल्ली से ट्रेन द्वारा अनूपपुर पहुंचे थे, जिसके बाद वे कार के माध्यम से मनेंद्रगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान कोतमा में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास अचानक सामने आई स्कूटी को बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन खंभे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# स्वदेशी उत्पादों का करें उपयोग : जैन



कोतमा पहुंची स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा

**कोतमा नवभारत 8 दिसंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नागपुर से स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा निकाली गई है। प्रदेश के विभिन्न तहसीलों से होकर भोपाल में इसका समापन किया जाएगा। सोमवार को रथ यात्रा के कोतमा आगमन पर भारत माता की जय के नारों के साथ आरएसएस कार्यकर्ताओं, व्यापारियो एवं समाजसेवियों द्वारा पुष्पवर्षा की गई। स्वदेशी अपनाएं भारत बचाएं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम नगर में आयोजित किया गया। हृदय स्थल गांधी चौक में पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने रथ यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अजित जैन, मुकेश जैन, अभिषेक सराफ ने बताया कि स्वदेशी बेचों, स्वदेशी खरीदो आत्मनिर्भर भारत बनाओ अभियान को लेकर जन-जन तक जागरूकता के उद्देश्य से रथ यात्रा निकाली गई है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

### यह रथ आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक बनेगा : गर्ग

हनुमान गर्ग, अजय सराफ, पुष्पेंद्र जैन ने कहा कि यह रथ केवल वाहन नहीं, आत्मनिर्भर भारत का रथ है, जो स्वदेशी विचारधारा, राष्ट्रीय गर्व एवं आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक बनेगा। हर नगरवासी को इस मुहिम से जोड़ना ही लक्ष्य है। वाल्मीक तिवारी, नवल सराफ, कैलाश जैन, प्रदीप सोनी, राहुल जैन, राजीव गर्ग सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### स्कूलों की ऑनलाइन मान्यता को लेकर बैठक आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अनूपपुर में शनिवार को अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों की सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन मान्यता नवीनीकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन विद्यालयों को आवश्यक जानकारी एवं निर्देश दिए गए जिनकी मान्यता 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है, ताकि वे समय पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नवीनीकरण हेतु आवेदन कर सकें। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो द्वारा शुल्क वृद्धि, ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें, छात्रवृत्ति, आधार आईडी, सीएम हेल्पलाइन, स्कूल बस परिवहन व्यवस्था तथा आगामी सत्र 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से समझाए गए।

# मरम्मत के एक हफ्ते बाद ही सड़क के उड़े परखच्चे

▸ गुणवत्ताहीन कार्य करने का आरोप, राहगीर हो रहे परेशान, ठेकेदार ने किया मानकों का उल्लंघन

**कोतमा नवभारत 8 दिसंबर।** कोतमा शहर और हाईवे से निगवानी रोड की हाल ही में हुई मरम्मत पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों की लंबित मांग पर सड़क मरम्मत कार्य करवाया गया था, लेकिन कार्य की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि सड़क थोड़े ही समय में फिर से उखड़ने लगी है।

सड़क पर बिछाई गई गिट्टियां बड़े पैमाने पर बाहर निकल चुकी हैं, जिससे यह रोड फिर से खतरनाक गड्ढों और उबड़-खाबड़ स्थिति में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच 43 से निगवानी मार्ग के मरम्मत के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और संबंधित ठेकेदार तथा विभागीय अधिकारियों ने मानकों का उल्लंघन किया।



### सरकारी राशि का हो रहा दुरुपयोग

रोड की सतह से गिट्टियों का यूं बाहर निकलना स्पष्ट रूप से गुणवत्ताहीन कार्य और भ्रष्टाचार को दर्शाता है। डामर और गिट्टी का सही मिश्रण नहीं होने से सड़क की ऊपरी परत उखड़ गई है। उखड़ी हुई गिट्टियां दुपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही हैं। जनता का कहना है कि सरकारी धन का यह दुरुपयोग है। जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### अधिकारियों की चुप्पी

स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि एक ही सड़क पर बार-बार पैसा खर्च करना और फिर भी समस्या का समाधान नहीं होना दिखाता है कि इस पूरे मामले में जवाबदेही की कमी है। अधिकारियों ने इस पर चुप्पी साध रखी है।

## एक नजर में



### राजस्व मामलों के समाधान के लिए विशेष अभियान

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की पहल पर जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 5 से 25 दिसंबर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान ने राजस्व सेवाओं को नई गति प्रदान की है और नागरिकों को समय पर राहत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अभियान के अंतर्गत राजस्व अधिकारियों द्वारा फील्ड में सतत समीक्षा एवं प्रकरणों के गंभीरता के आधार पर निराकरण की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज दिनांक तक जिले में नामांतरण के 349, बंटवारे के 56 तथा फार्मर रजिस्ट्री के 278 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटाया जाए।

### मुख्यमंत्री 9 को जारी करेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि

**अनूपपुर, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 दिसंबर को छतरपुर जिले के राजनगर स्थित सती की मढ़िया में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की पात्र बहनों के खातों में दिसंबर माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम के लाइव प्रसारण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि जिले की सभी पात्र लाभार्थी बहनें कार्यक्रम को देख सकें और योजना की राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया से अवगत हो सकें।



### विवि में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का किया स्वागत

**अनूपपुर, नवभारत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में आज स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों और स्वदेशी कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं संस्कृतिमय प्रस्तुति के साथ हुई। स्वागत समारोह में प्रांत युवा आयाम प्रमुख डॉ. विनोद वर्मा, जिला संयोजक डिंडोरी हरिश विश्वकर्मा तथा जिला संयोजक सिंगरौली ओमप्रकाश पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे। रथ यात्रा के आगमन पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान संकल्प-पत्र का सामूहिक वाचन किया गया

### 9 से 12 तक आयोजित होगा पेंशन शिविर

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु 9 से 12 दिसंबर तक पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 30 नवंबर 2025 तक सेवानिवृत्त अथवा सेवा अवधि में मृत्यु होने वाले जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के लिए 9 और 10 दिसंबर को शिविर आयोजित होगा।

# उपार्जन केन्द्रों की सतत् सघन निगरानी की जाए

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 8 दिसंबर।** जिले में धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपार्जन केंद्रों की सभी व्यवस्थाओं और गतिविधियों की सघन एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें और धान के उठाव, परिवहन एवं मिलर्स से जुड़ी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



### 19 से 25 तक मनाया जाएगा सुशासन दिवस

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक जिले में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस अवधि में जनपद पंचायतों के चिन्हित ग्रामों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो समस्याएँ मौके पर ही निराकृत हो सकती हैं, उन्हें तत्काल हल किया जाए।

### लेमनग्रास की खेती को दिया जाए बढ़ावा

कलेक्टर ने कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उद्देश्य से लेमनग्रास की खेती को बढ़ावा देने की बात कही। बैठक में कृषि विभाग ने बताया कि अब तक लगभग 300 किसान लेमनग्रास की खेती हेतु चिन्हित किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिक किसानों को इस वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित किया जाए। किसानों को प्रशिक्षण, बाज़ार एवं प्रोसेसिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा विजेता

▸ विकासखंड स्तरीय बैडमिंटन व फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**अनूपपुर नवभारत 8 दिसंबर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में विकासखंड स्तरीय बैडमिंटन एवं फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 11 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में फुटबॉल बालिका वर्ग में विजेता शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा, उप विजेता शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा, फुटबॉल बालक वर्ग में विजेता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा, उप विजेता शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा, बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग से पांच-पांच खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत कोतमा के अध्यक्ष जीवन सिंह धुर्वे, नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, जनपद पंचायत कोतमा के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. के. मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी शेख ख़लील कुरैशी, जनप्रतिनिधि, विद्यालयों के प्राचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन तथा शारीरिक क्षमता का विकास करना रहा। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

# 7 वाहनों से वसूला गया 2700 रुपये जुर्माना



**अमरकंटक, नवभारत 8 दिसंबर।** मां नर्मदा जी की पवित्र उद्गम स्थली अमरकंटक में शुक्रवार को थाना पुलिस द्वारा दो स्थानों पर एक साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें कई वाहन चालक आवश्यक कागजातों के अभाव में पाए गए। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की। सब इंस्पेक्टर पीएस बघेल ने बताया कि यह कार्रवाई हाल ही में नगर पालिका कार्यालय में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में की जा रही है।

### एक माह पूर्व दी गई थी चेतावनी

उन्होंने कहा कि अमरकंटक के ऑटो व टैक्सी चालकों को एक माह पूर्व ही चेतावनी दी गई थी कि वे यदि सवारी ढोते हैं तो अपने वाहनों का टैक्सी परमिट अनिवार्य रूप से बनवाएं। प्राइवेट नंबर पर टैक्सी चलाना कानूनन अपराध है, अतः अब इन पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

### बाल श्रम उन्मूलन के लिए होंगे ठोस प्रयास : सीईओ

**अनूपपुर, नवभारत 8 दिसंबर।** जिले में बाल श्रम एवं बंधक श्रम प्रथा को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने की। इस दौरान बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) संशोधित अधिनियम 2016 तथा बंधुआ श्रम उन्मूलन अधिनियम 1976 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

**लोग परेशान** अनूपपुर में जहरीली राखड़ का कहर, बिना ढके दौड़ रहे फ्लाई ऐश से भरे ट्रक, प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रही समस्या

# अमलाई-चचाई मार्ग धूल से पटा, बढ़ रहे हादसे

**अनूपपुर, नवभारत 8 दिसंबर।** जिले में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई से निकली ओवरलोड राखड़ अब आमजन के लिए मुसीबत बन चुकी है। फ्लाई ऐश से भरे ट्रक लगातार नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना ढके सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे अमलाई से चचाई तक का मार्ग राखड़ से पटा हुआ है। हवा की रफ्तार के साथ राखड़ उड़कर जहरीली धूल का रूप ले लेती है, जिससे लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है। छोटे वाहनों और राहगीरों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उड़ती राखड़ आंखों में जाते ही वाहन असंतुलित हो जाते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में सड़क पर स्थिति ऐसी होती है, मानो धूल का तूफान चल रहा हो।



### दुकानदार बुरी तरह प्रभावित

अमलाई और चचाई क्षेत्र के दुकानदार बुरी तरह प्रभावित हैं। राखड़ की धूल दुकानों, भोजन सामग्री और घरों में तक जम रही है। एक स्थानीय होटल संचालक ने बताया खाना बनाकर रखते हैं तो उस पर राखड़ की परत जम जाती है। मजबूरन सब फेंकना पड़ता है। रोज हजारों का नुकसान हो रहा है। कई दुकानों और घरों की बाहरी दीवारें और छतें राखड़ से सफेद हो चुकी हैं, जिससे स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण का संकट और गहरा रहा है।

### लोगों की समझाइश का ट्रक चालकों पर असर नहीं

स्थानीय लोगों ने कई बार ट्रक चालकों को रोककर ओवरलोडिंग बंद करने और गाड़ियों को ढककर ले जाने की बात कही, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग चुप्पी साधे बैठा है। शिकायतों और अखबारों में बार-बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी संबंधित विभागों द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। यह लापरवाही सीधे तौर पर जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

### सख्त कदम उठाने की मांग

स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर और जिला प्रशासन से जल्द सख्त कदम उठाने, ओवरलोड ट्रकों पर रोक लगाने, राखड़ परिवहन को नियमानुसार ढंककर करने और नियमित सफाई की व्यवस्था बनाने की मांग की है। समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो यह स्थिति आने वाले दिनों में स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव छोड़ सकती है।



### शिव मारुति युवा संगठन ने की स्वदेशी अपनाने की अपील

**अनूपपुर, नवभारत 8 दिसंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का शनिवार 8 दिसंबर को अनूपपुर पहुंचने पर शिव मारुति युवा संगठन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रथ यात्रा के नगर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत समारोह आयोजित हुए, जिसमें स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ का संदेश दिया गया तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के महत्त्व पर जोर दिया गया।